डॉ. नितेन चंद्र

डॉ. नितेन चंद्र भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के ओडिशा कैडर के अधिकारी हैं। वह वर्तमान में विधि और न्याय मंत्रालय के अंतर्गत विधि कार्य विभाग में सचिव के रूप में कार्यरत हैं। उन्होनें दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफन्स कॉलेज से स्नातक तथा दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से स्नातकोत्तर की पढ़ाई की। उनके पास कानून में स्नातक की डिग्री और अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि भी है।

डॉ. नितेन चंद्र भारत सरकार और ओडिशा सरकार में महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं। एक प्रवीण कानून सुधारक के रूप में वह कानूनी प्रक्रियाओं के सरलीकरण, न्याय प्रक्रिया में तेजी लाने, विवादों के त्वरित समाधान और आधुनिकीकरण में विश्वास करते हैं ताकि देश का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके।